54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in




# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर


ममता, तेजस्वी, केजरीवाल को जनता ने रिजेक्ट कर दिया है, अगली बारी अखिलेश यादव की है : केशव प्रसाद मौर्य



इन तीनों को साथ मिलेगा... फिर देखना किसकी बारी और कौन भारी....

सूर्योदय - 5:54, सूर्यास्त - 6:46 | वर्ष : 54/ अंक : 237 | शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

# दबंग युवक ने वीडियो वायरल कर कहा सिंगर अंकित ने दी थी गाली, इसलिए गोली मार डाली

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** बुधवार को शामली में पंजाबी गायब सिद्धूमूसे वाला हत्याकांड जैसा मामला सामने आया था, जिसमें जाने-माने हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। बुधवार की शाम जिम से निकलते ही हत्यारों ने अंकित बालियान पर एक दो नहीं बल्कि 18 राउंड गोलियां चलाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया है कि अंकित के सिर से पेट तक नौ गोलियां लगी और मौके पर ही अंकित की मौत हो गई। दिन निकलते ही शूटरों का फोटो सोशल मीडिया पर गुरूवार को तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद दोपहर में ही अंकित बालियान के आरोपी हत्यारे भोलू शाहपुरिया ने एक वीडियो दमदारी दिखाते हुए वायरल की और कहा कि अंकित बालियान को हमें गाली देने के बदले मारा गया है और अभी औरों का भी नम्बर आएगा। जैसे ही ये वीडियो वायरल हुआ तो गैंगस्टर भोलू शाहपुरिया के बारे में जानने के लिए सोशल मीडिया पर भोलू ट्रोल होने लगा और लोगों ने जानकारी जुटानी शुरू की कि इतना दबंग गैंगस्टर आखिर है कौन? तो पता लगा कि सोनीपत (हरियाणा) के गोगी गैंग का यह युवा है और कई आपराधिक मामलों में वांछित चल रहा है। शाहपुरिया के बाद सिंगर-एक्टर भूपेंद्र ढींगरा ने अंकित की हत्या की जिम्मेदारी ली।



उसने वीडियो जारी कर कहा, 'मैंने ही अंकित बालियान को मरवाया है। उसने जिम में मेरे बड़े भाई को गाली दी थी तो मैंने उसे दिनदहाड़े गोली मरवा दी और कोई भी नहीं रोक पाया।' पुलिस इंस्टाग्राम पोस्ट की जांच में जुट गई है। फिलहाल भोलू शाहपुरिया की वीडियो देखकर कई लोग सकते में हैं और यह मान रहे हैं कि अभी भी देश में दाऊद इब्राहिम और लॉरेंस विश्नोई जैसे गैंग सक्रिय हैं, जिनका सरकार और पुलिस कुछ नहीं उखाड़ पा रही, क्योंकि जिस दबंगता के साथ भोलू शाहपुरिया ने वीडियो वायरल किया है, कोई इतनी जल्दी




सीसीटीवी फुटेज में आए आरोपी

हत्या करने के बाद अपना वीडियो वायरल नहीं करता। पूरी सोची-समझी रणनीति के तहत और यह जानते हुए कि इसका अंजाम जेल की सलाखें हैं, उसके बावजूद भी उक्त वीडियो वायरल किया गया। वीडियो वायरल करते हुए जो बात भोलू शाहपुरिया द्वारा कही गयी है, वह सुनने में बहुत बड़ी नहीं लगती कि सिर्फ गाली देने पर इतनी निर्ममता से किसी की हत्या की जा सकती है। भोलू शाहपुरिया ने यह भी लिखा कि यह हमारे

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

### एक घंटे पहले ही अंकित ने बुधवार शाम ही 'मर्डर मार दे सड़क के ऊपर' डाला था गाना

**शामली।** 6 बजे यानी हत्या से ठीक एक घंटे पहले अपने इंस्टाग्राम पर एक गाना पोस्ट किया था। जिसमें वह गाड़ी में बैठकर 'मर्डर मार दे सड़क के ऊपर' गाते हुए नजर आए। उनका 'भरी कोर्ट में गोली मारेंगे' गाना 15 फरवरी 2023 को रिलीज हुआ था। इस गाने पर बैन लगा दिया गया था। इसके बाद वह हरियाणवी संगीत की दुनिया में चर्चित हुए। 2023 में शामली में रोड शो को लेकर अंकित बालियान पर एफआईआर भी हुई थी। 27 जुलाई 2023 को लिलौन बाईपास पर अंकित का स्वागत समारोह हुआ था। गाड़ियों और बाइकों के काफिले के साथ जुलूस निकाला गया था। इसके लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। इस रोड शो में कुछ समर्थकों ने हुड़दंगबाजी की थी। अंकित समेत 40 समर्थकों पर एफआईआर दर्ज हुई थी।

# किशोरी से दुष्कर्म मामले में सम्राट इंटर कॉलेज संचालक गिरफ्तार

## पुलिस कर रही आरोपियों पर गैंगस्टर की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टीला की नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सम्राट इंटर कालेज के संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। सम्राट इंटर कॉलेज को एमडीए पहले ही नोटिस जारी कर चुका है। पुलिस अभी तक इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस अब मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी कर रही है। मामले को लेकर भाजपा व विपक्ष के नेता पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए आगे आए है। पुलिस फरार दो आरोपियों की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड पर दलित नाबालिग का मुस्लिम युवकों द्वारा अपहरण कर दुष्कर्म का मामला



### गैंगस्टर एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

सम्राट की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एसपी सिटी अमृत जैन ने बताया कि पूरे मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की संपत्तियों की भी जांच कराई जा रही है। यदि जांच में किसी संपत्ति का संबंध अपराध से अर्जित धन से पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उनके आपराधिक नेटवर्क, संपत्तियों और मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जानकारी जुटा रही है।

### पूछताछ के बाद सम्राट को किया गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच के दौरान सम्राट इंटर कॉलेज का नाम सामने आने के बाद कॉलेज प्रबंधक से पूछताछ की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सम्राट इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. इरशाद अली खान उर्फ डॉ. सम्राट को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। कई घंटे की पूछताछ और जांच के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना में उनकी क्या भूमिका थी और मामले से जुड़े अन्य लोगों से उनका कोई संबंध है या नहीं।



### नेताओं के दबाव बनाने पर हरकत में आई पुलिस

पीडिता के साथ दुष्कर्म के मामले में पूर्व मंत्री संजीव बालियान समेत कई हिन्दु संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए रामलीला टिल्ला पहुंचकर पंचायत करते हुए पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। इसके बाद ही पुलिस एक्शन में आई और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें लगाई गई हैं। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने डॉ. सम्राट हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने अस्पताल के निर्माण और संचालन से जुड़े वैधानिक पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। जांच में अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

तमाम राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के निशाने पर है। शहर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मुठभेड के दौरान एक आरोपी नाजिम निवासी मिमलाना रोड को गिरफ्तार किया था। वहीं पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी अल्फा क्लीनिक के डॉ. आदिल को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने सम्राट इंटर कालेज के चौकीदार नदीम को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के साथ सम्राट इंटर कालेज में आरोपियों ने दुष्कर्म किया गया था। गुरुवार को शहर कोतवाली पुलिस ने सम्राट इंटर कालेज के संचालक डॉ. सम्राट उर्फ इरशाद अली खान निवासी लद्दावाला को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा का कहना कि संचालक के कॉलेज में पीडिता को ले जाकर आरोपियों ने दुष्कर्म किया था। मामले में फरार आरोपी फिरोज व उस्मान की पुलिस तलाश कर रही है। एसपी सिटी अमृत जैन ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस अब मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# चलो चार दिन तो बची चालान कटने से जान, राखी से जन्माष्टमी तक नहीं काटे जाएंगे बेवजह चालान

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** गुरूवार को मुजफ्फरनगर जनपद के यातायात विभाग ने हर चौराहे पर चालान कटते देखे गए थे और बुलेटिन द्वारा समाजहित में गुरूवार के अंक में

### बुलेटिन की ओर से यातायात विभाग का धन्यवाद

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर बुलेटिन राखी से रक्षाबंधन तक यातायात विभाग द्वारा तक दी गयी चालान न कटने की छूट का हार्दिक आभार व्यक्त करता है। अन्य दिनों के लिए भी बुलेटिन ट्रैफिक विभाग से अनुरोध करता है कि इसी तरह अपना सामाजिक योगदान भी देते रहें और जो लोग शरीफ हों, कभी-कभी छोटी-मोटी अनियमितता पाई जाती हो, तो उसे चालान काटने का उद्देश्य न बनाए, समझा-बुझाकर गरीब और शरीफ लोगों को छोड़ा जा सकता है, जिससे शहर के बाजारों में वापस ग्राहकों की हरियाली आती दिखाई दे। फिलहाल तो चालान कटने के भय से कस्बाई क्षेत्रों के पचास फीसदी लोग मुजफ्फरनगर शहर से खरीदारी करना ही बंद कर चुके हैं और दशहरे, दिवाली जैसे त्यौहारों से पहले यदि पूरे जनपद में यह मैसेज चला जाए कि त्यौहारों पर ट्रैफिक विभाग विनम्र होकर ही वाहन चालकों से व्यवहार रखेगा और छोटी-मोटी कमियों को नजरअंदाज करते हुए कार्य करेंगे तो ऐसे में हर हाल में कस्बे से शहरी क्षेत्र में सस्ता सामान खरीदने के लिए ग्राहक नवरात्र, दशहरा व दिवाली जैसे त्यौहारों पर खूब उमड़ेगा।

आम आदमी को चार दिन के लिए चालान काटने से निजात दी है। हालांकि बुधवार तक 'राखी पर भी कट रहे चालान, इस शहर के नेता हैं महान' शीर्षक देकर समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। गुरूवार की दोपहर आम जनता ने बुलेटिन को सूचित किया कि



आज किसी भी चौराहे पर चालान नहीं कटे, इस पर ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बुलेटिन संवाददाता द्वारा बात की गयी तो उन्होंने कहा कि हमारा तो पहले से ही प्लान था कि रक्षाबंधन से जन्माष्टमी तक चालान नहीं काटे जाएंगे, इस दौरान सिर्फ उन्हीं के चालान कटेंगे, जो चैकिंग के दौरान संदिग्ध पाए जाएंगे, क्योंकि चालान न कटने का समाचार सुनते ही ऐसे युवा जो सड़कों पर स्टंटबाजी तक करने के लिए उतर जाते हैं, वे तुरन्त सक्रिय हो जाएंगे, इसलिए ऐसे असामाजिक तत्वों के चालान तो हर हालत में कटेंगे मगर संभ्रान्त लोगों का किसी प्रकार का चालान नहीं काटा जाएगा।

ऐसे में स्टंटबाज विशेषकर ध्यान रखें कि रक्षाबंधन से जन्माष्टमी तक यह छूट इसलिए नहीं दी गयी कि कोई 5-5 सवारी मोटर साइकिल पर बैठाकर हुड़दंग उतारता फिरेगा और उसका चालान नहीं कटेगा, ऐसे लोगों को चालान हर हालत में काटा जाएगा।

# घट रहे पशु और दूध, बढ़ रहा जहर का कारोबार

- जिले में हर साल पशुओं की तादाद में कमी और दूध व दुग्ध पदार्थों की मांग में इजाफा
- प्रतिदिन करीब साढ़े पांच लाख लीटर दूध का उत्पादन, खपत साढ़े छह लाख लीटर
- मावे, पनीर आदि के लिए दूध की मांग इससे अतिरिक्त, त्यौहारों पर आ जाती है आफत
- जनपद में सैकड़ों गांवों में धधक रही भट्टियों में बड़े पैमाने पर बन रहा सिंथेटिक मावा

**ऋषिराज राही**

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** दूध का उत्पादन कम और मांग अधिक। इसने मिलावटी दूध ओर दूध उत्पादों के धंधे को हवा दी है। बड़ी बात यह है कि जिले में दूध और इससे बने उत्पादों की मांग बढ़ रही है और पशु घट रहे हैं। किसान पशुपालन को अब मुसीबत मान रहे हैं, यही वजह है कि जिले के लिए गावों में दूध दही की नदियां बहती थीं, वहां किसान खुद दूधियों से दूध ले रहे हैं। जिले में गाय और भैंस मिलाकर करीब 60,000 दुधारू पशु हैं। एक पशु प्रतिदिन औसतन 5 से 7 लीटर दूध देता है। इस प्रकार जिले में प्रतिदिन लगभग पांच से साढ़े पांच लाख लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन होता है। जनपद की आबादी के हिसाब से प्रतिदिन अनुमानित साढ़े छह लाख लीटर दूध की आवश्यकता होती है। इसके अलावा त्यौहारी सीजन में यह मांग और बढ़ जाती है। यही वजह है कि सारे साल लोग सिंथेटिक दूध, दही और पनीर आदि का सेवन करते हैं और त्यौहारों में तो शत-प्रतिशत मावा कृत्रिम तरीके से तैयार कर बाजार में खपाया जाता है।




जिले में सैकड़ों स्थानों पर इस समय नकली मावा बनाने की भट्टियां धधक रही हैं। अभी रक्षाबंधन और इसके बाद नवरात्र और दिवाली व दूसरे त्यौहारों तक यह धंधा खूब फले-फूलेगा।



### लगातार घट रहे जिले में पशु, किसान मोड़ रहे मुंह

जिले में दुधारू पशुओं की संख्या में भी गिरावट आ रही है। प्रत्येक पांच वर्ष में पशुओं की गणना की जाती है। 2012 में हुई पशु गणना में जनपद में 207966 गाय और 552906 भैंस थी। इससे पहले 2007 में हुई पशु गणना में जिले में 229872 गाय एवं 824260 भैंस थी। हालांकि 2007 में शामली भी मुजफ्फरनगर जनपद में था। इससे साफ है कि दुधारू पशुओं की संख्या में और कमी सामने आ रही है। पशु विभाग के अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 2019 में जो पशुओं की 20वीं गणना की गई थी उसके हिसाब से लगभग 7 लाख 12000 पशु मुजफ्फरनगर जनपद में थे, जो कि घट कर 2024 में 21वीं गणना के समय 6 लाख 3000 के करीब रह गए। जनपद में पशुपालन करने वाले लोग कम हुए हैं और दुधारू पशुओं की संख्या कम हुई है। कुल पशुओं में करीब एक तिहाई पशु दुधारू होते हैं। बाकी पशु ऐसे होते हैं जो या तो मेल प्रजाति के हैं या फिर बच्चे हैं अथवा वह जो दूध नहीं देते।

### सूनी हो गई मावा मंडी, बाहर से हो रहा कारोबार

मुजफ्फरनगर जिले में मावे का कारोबार काफी पुराना है। हालांकि आज उत्तर भारत की बड़ी मंडियों में मानी जाने वाली मावा मंडी सिमट चुकी है। सिंथेटिक मावे का धंधा शुरू होने के बाद मावा मंडी में सन्नाटा है। जो लोग कारोबार कर रहे हैं, वह भी गांवों में सिंथेटिक मावा बनाने वालों से आर्डर पर मावा तैयार करा कर मंडी से बाहर ही इसकी सप्लाई कर देते हैं। हाल में खाद्य विभाग के छापों से सामने आया है कि स्किम्ड मिल्क के साथ नकली मावा बनाने के लिए सेलखड़ी, ईसबगोल, हाइड्रो और विभिन्न प्रकार के घटिया वनस्पति का चिकनाई वाले पदार्थों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो सेहत के लिए हानिकारक है।

## गांवों में इसलिए पशुपालन का घट रहा क्रेज

**मुजफ्फरनगर।** एक समय था जब गांवों के हर घेर में एक या इससे अधिक दुधारू पशु बंधे मिलते थे। आज गांवों में पशुपालन करने वाले किसानों की तादाद घट रही है। अपनी जरूरत के लिए भी किसान पशु रखने से कतरा रहे हैं और दूधिए से दूध लेना पसंद करते हैं। ऐसे में जो लोग पशुपालन का काम कर रहे हैं, वे व्यावसायिक रूप से दूध बेचने के लिए ही पशु पाल रहे हैं। डॉ.गुप्ता का कहना है कि अभी परिवार विघटन होते जा रहे हैं। जिन परिवारों में कुल लोग दो या तीन होते हैं उन्हें लगता है कि पशु पालन एक बहुत बड़ा काम है, जबकि उनके दूध की आवश्यकता मात्र एक या दो लीटर प्रतिदिन होती है। ऐसे लोगों ने पशुपालन बंद कर दिया हालांकि ऑर्गेनाइज्ड रूप में डेरियां जरूर बढ़ी हैं, मगर पारंपरिक पशुपालन सिमट रहा है। कुछ पशुपालक अपने पशुओं की फीडिंग हैबिट बदल रहे हैं। ये लोग चारे के बजाय ऐसा कृत्रिम चारा खिलाते हैं जिसको खाने से पशु दूध का प्रोडक्शन ज्यादा करता है मगर जल्दी ही पशु दूध देना बंद कर देता है। जो पशु दूध देना बंद कर देते हैं उनको लोग स्लॉटर हाउस काटने के लिए भेज देते हैं। हालांकि सरकार ने कहीं ऐसी योजनाएं चलाई है जिससे लोगों को पशु पालन के लिए प्रोत्साहन मिले और वे दुधारू पशुओं का पालन करें। मगर फिलहाल जिस तरह जनपद में पशुपालन घट रहा है, उससे दूध का उत्पादन भी जरूर घट रहा है। यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह होने वाली है। जिले की दूध की मांग में बड़े उत्पादकों के पॉलिथिन पैक दूध की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में देखा जाए तो दूध की सामान्य मांग ही जब पूरी नहीं हो पा रही तो मावा, पनीर और दूसरे उत्पादों के लिए दूध कहां से आएगा? जिले में धधक रही सैकड़ों सिंथेटिक मावे की भट्टियां जहर नहीं बांटेंगी तो और क्या बांटेंगी?






